VIDYAKUL

# 12TH CHAPTER NOTES

## (Handwritten)

SUBJECT - ENGLISH

GRAMMAR

TENSE

# TENSE

## Tense

जिससे कार्य के समय की जानकारी मिलती है, उसे Tense कहते हैं। Tense तीन प्रकार के होते है -

1. Present Tense (वर्तमान काल) - वह tense जो वर्तमान समय का बोध कराता है, उसे Present tense कहते हैं। सभी हिंदी वाक्यों के अंत में है, हूँ, हैं आदि शब्द आते हैं।

2. Past Tense (भूत काल) - वह Tense जो भूतकालीन समय का बोध कराता है, उसे Past Tense कहते हैं। हिंदी वाक्यों के अंत में था, थी, थे आदि शब्द आते हैं।

3. Future Tense (भविष्य काल) - वह Tense जो भविष्य काल का बोध कराता है उसे Future Tense कहते हैं। इसमें वे सभी कार्य आते है जो भविष्य में संपादित होने वाले हैं। हिंदी वाक्यों के अंत में गा, गे, गी आदि शब्द आते हैं।

Note :- तीनों ही Tenses के चार-चार भाग होते हैं। ये निम्नलिखित हैं -

1. Simple / Indefinite
2. Continuous / Progressive / Imperfect
3. Perfect
4. Perfect Continuous

## PRESENT TENSE

### 1. Simple Present / Present Indefinite

Rule:- S + is / am / are + C (Noun / Adj)

Or

S + $V_1$ / $V_5$ + O/C

O = object , C = complement , S = Subject

Example :-

A girl is safe here.
एक लड़की यहाँ सुरक्षित है।

He walks here daily.
वह यहाँ रोज टहलता है।

Simple Present Tense का प्रयोग हम निम्नलिखित स्थानों पर कर सकते हैं।

1. नियमित कार्य / क्रियायें (Routined Actions) के लिये :

Example: मैं प्रतिदिन 2 घण्टे अपने दोस्तों के साथ खेलता हूँ।

I play with my friends 2 hours everyday.

Note:- जिन Actions में कोई विशेष समय (Point of time) दिया हो उसे Routined Action कहा जाएगा।

Note:- वाक्य में 2 प्रकार के 2 समय दिये हों तो छोटा समय पहले, तथा बड़ा समय बाद में रखें।

2. आदतन कार्य / क्रियाऐं (Habitual Actions) के लियें:

Example: मेरे पिताजी सदैव समय पर दफ्तर जाते हैं।

My father always go to office on time.

Note:- जिन Actions में (always, sometimes, usually, seldom, rarely, often; regularly, generally etc.) लगा हो / आये तो वो Actions Habit को बतायेंगे।

Note:- ये ऊपर दिये गये शब्द 'Adverb of frequency' हैं जिन्हें Subject के बाद तुरन्त रख दिया जाता है। और यदि Negative sentence है तो do/does not के बाद रखा जाता है।

3. सामान्य / सार्वभौमिक सत्य (General / Universal truth) के लिये:

Example: चीन जंसंख्या के संबंध में संसार का सबसे बड़ा देश है।

China is the biggest / largest country regarding population in the world.

Example: रात में तारे टिमटिमाते हैं।

Stars sparkle / glitter at night.

4. स्थायी कार्य / क्रियाओं (Permanent Actions) के लिये

Example: हम 15 अगस्त वाले दिन स्वतन्त्रता दिवस मनाते हैं।

We celebrate Independence day on 15th August.

Example: मेरे पिताजी एक साइबर कैफे चलाते हैं।

My father owns a cyber caffe.

5. अधिकार / स्वामित्व की अभिव्यक्ति के लिये:

Example: उसके पास एक बड़ा बंगला है।

He has owns a big bunglow.

Note: कुछ विशेष प्रकार की Verbs (क्रियायें) है जो या continuous लगती है या उनका प्रयोग Indefinite Tense में नहीं किया जा सकता, ऐसा लगता है — परन्तु ऐसी क्रियाओं का प्रयोग सदैव Present Indefinite / Past Indefinite में ही किया जा सकता

हालाँकि कुछ अपवाद (exceptions) भी कभी-कभी देखने को मिलता है - जो इस प्रकार है।

(a) Verbs of possession: (अधिकार व्यक्त करने वाली क्रियायें)
belong, contain, own, have/has, possess, consist of, hold etc.

(b) Verbs of Appearing: (प्रकाशित होने/करने वाली क्रियायें)
appear, look, seem (इन सभी क्रियाओं का अर्थ यहाँ पर 'लगना' होगा)

(c) Verbs of perception: (अनुभूति कराने वाली क्रियाएँ)
hear, notice, see, small, recognise, etc.

(d) Verbs of Emotion: (भावनायें व्यक्त करने वाली क्रियायें)
Desire, feel, hate, hope, love, refuse, want, wish, like, prefer, etc.

(e) Verbs of thinking: (विचार/सोच व्यक्त करने वाली क्रियाएँ)
Think suppose, understand, mind, remember, know, forget, consider, believe, agree, imagine, mean etc.

अब कुछ उदाहरणों से समझते हैं :-

1. मुझे लग रहा है आज बारिश होगी।
2. उसे मुझपर विश्वास है।
3. मेरे कहने का मतलब है यह मुश्किल होगा।
4. मैं समझ रहा हूँ तुम क्या कहना चाह रहे हो।
5. यह कार उसकी है।
6. तुम बहुत दुखी दिखाई दे रहे हो।
7. बहुत अच्छी खुशबू आ रही है।
8. क्या तुम मुझे पहचानते हो।
9. मुझे कुछ सुनाई नहीं दे रहा है जो तुम फुसफुसाई।

1. I think / feel it may rain today.
2. He believes me / he trusts me.
3. I mean to say that it will difficult.
4. I understand what you want to say.
5. This car belongs to him / he owns this car.
6. You look / appear / seem to be very bad.
7 It smells very nice.
8. Do you recognise / Know me?
9. I don't hear anything what you whispered.

## Present Continuous Tense

Rule :- S + is/am/are + $V_1$+ing + O/C.

Note:- Is का प्रयोग singular subject - he, she, it, boy, man, Delhi आदि के साथ तथा Are का प्रयोग Plural Subject - They, you, we, boys men, cities आदि के साथ करते हैं। I का प्रयोग के am का प्रयोग किया जाता है।

→ इस Tense का प्रयोग हम निम्नलिखित स्थानों/स्थितियों में कर सकते हैं :-

1. वर्तमान में अस्थायी क्रियाओं (Temporary Actions) के लिये।

Example: ~~मेरी~~ दादी मुझे कहानी सुना रही है।

My grandmother is reciting/telling a story.

2. वक्ता के बोलते समय जारी क्रियाओं (Actions taking places at the time of speaking of the speaker)

Example:- क्या वह गाना गा रही है?

Is she singing a song?

3. ऐसी क्रियाओं के लिये जो बोलते समय तो नहीं परंतु उस समय के इर्द गिर्द जो कुछ समय चल रहे हो।

Example: मैं आजकल एक किताब लिख रहा हूँ।

I am writing a book these days/now a days.

4. कुछ ऐसे कार्य व्यापार जो निकट भविष्य मे घटित होंगे

या उनकी पूर्व निर्धारित योजना बनायी गई हो।

Example : वे लोग अगले महीने दिल्ली के लिये कूच करेंगे। कर रहे हैं।

Those people are leaving for Delhi next month.

Note: इस स्थिति में वाक्य के अन्दर Adverb of time की उपस्थिति अति आवश्यक है। - next week, next month, tomorrow, today, next weekend etc.

## Present Perfect Tense

Rule:- S + has / have + V3 + O/C

Note:- Has का प्रयोग Singular तथा have का प्रयोग Plural Subjects के साथ किया जाता है।

→ इस Tense का प्रयोग निम्नलिखित स्थानों / स्थितियों में किया जा सकता है।

1. ऐसे कार्य जिनकी शुरुआत भूतकाल में हुयी परन्तु उसका प्रभाव वर्तमान में भी हो -

Example: हमने अपनी पढ़ाई इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से की है।

We have done our study from the university of Allahabad. OR

We have studied from the university of Allahabad.

2. ऐसे कार्य व्यापार जो भूतकाल में प्रारंभ हो परंतु वे अभी (वर्तमान में भी जारी रहने का भाव प्रकट करे)।

Example: अमित ने इस कॉलेज में अपने दस साल बिताये है।

Or

अमित इस कॉलेज मे दस साल पढ़ा चुका है।

Amit has spent his ten years in this college.

Or

Amit has taught in this college for ten years.

3. ऐसे कार्य जो बीते समय मे पूरे हो चुके हैं लेकिन जिनका समय पूरा होने का न दिया गया हो।

Example: क्या कभी तुम जयपुर गए हो?

Have you ever been to Jaipur?

## Present Perfect Continuous Tense

Rule:- S + has/have + been + V1(ing) + O/C + since/for + time.

1. ऐसे कार्य-व्यापार जो भूतकाल में प्रारंभ हो और अब तक चल रहे हो।

Example:- वह इस कारखाने में सालों से काम कर रहा है।

He has been working in this factory for many years.

Note:- Perfect तथा Perfect continuous Tense में समय के लिये since/for का प्रयोग किया जाता है।
Since का प्रयोग निश्चित समय तथा for का प्रयोग अनिश्चित समय के लिये किया जाता है।

निश्चित समय से तात्पर्य : 2 बजे से, सोमवार से, 1999 से मेरे उसके जन्मदिन से आदि है।

अनिश्चित समय से तात्पर्य : 3 घण्टों से, कई दिनों से, सालों से, तब से आदि।

# PAST TENSE

## Simple past / Past Indefinite

Rule :- S + was/were + O

Or

S + $V_2$ + O/C

Note :- इस Tense की helping verb 'bid' है जो 'Do' की second form है।

→ इस Tense का प्रयोग निम्नलिखित स्थानों/स्थितियों में किया जा सकता है।

1. हाल में पूर्ण हुये कार्य व्यापार (Recently finished Actions)

Eg:- क्या तुमने अपना कार्य पूरा कर लिया।
Did you finish your work.

2. भूतकाल में किसी विशेष समय / दिनांक पर घटित हुये कार्यों के लिये।

Eg:- मैं उससे अपने जन्मदिन पर मिला था।

I saw/met him on my birthday.

महात्मा गाँधी का जन्म 2 अक्टूबर को हुआ था।

Mahatma Gandhi was born on 2nd october.

(Passive)

Mahatma Gandhi took birth on 2nd october.

3. वर्तमान की भाँति भूतकाल में भी आदत को बताने के लिये भूतकाल के कार्यों को Transform किया जाता है।

Eg!- मैं सामान्यतः देर से स्कूल पहुँचता था।

I usually / often reach the school late.

वह कभी भी झूठ नहीं बोलता था।

He never told a lie.

Note:- आदत को प्रकट करने वाले शब्दों के आने पर वाक्य में usually, never, seldom, often, always आदि को अवश्य लगायें।

4. एक कार्य के पूरा होते ही दूसरा कार्य प्रारंभ होने स्थिति में।

Eg:- जब उसने मुझे गाली दी, मैंने उसे मुक्का मार दिया।

When he abused me, I blew him. Or
I blew him when he abused me.

## Past Continuous Tense

Note:- इस Tense में 'was' का प्रयोग singular subjects तथा were का प्रयोग plural subjects के लिये किया जाता है।

→ इस Tense का प्रयोग किन-किन अवस्थाओं में किया जा सकता है, नीचे देखिए।

1. कोई अस्थाई कार्य-व्यापार जो बीते समय में हुआ हो।

Eg:- अध्यापक कक्षा में पढ़ा नहीं रहे थे।

The teacher was not teaching in the class.

2. भूतकाल के कुछ ऐसे कार्य जो एक आदत के तौर पर बार-बार किये जा रहे हों या हो रहे हों।

Eg:- वह कुछ दिनों पहले मुझसे मदद माँगने आ रहा था।

He was coming to take help from me some days before. Or
He was urging/requesting me to help him some day before.

3. जब एक कार्य हुआ हो और दूसरा कार्य हो रहा हो।

Eg:- जब मैं आया वह नहा रहा था।
He was bathing when I came. Or
I came when he was bathing.

Note:- इस स्थिति में जो पहले कार्य हो उसमें Past Cont. तथा बाद वाले में Past Ind. का प्रयोग होगा।

## Past Perfect Tense

Rule:- S + had + $V_3$ + O/C + before + Past Indefinite.
Or
Past Indefinite + after + S + had + $V_3$ + O/C

→ इस Tense का प्रयोग विभिन्न प्रकार की स्थितियों में किया जाता है परन्तु यहाँ पर के मुख्य स्थिति का वर्णन किया जायेगा। बाकी की स्थिति हम लोग Conditional sentence में करेंगे।

1. ऐसे कार्य व्यापार जो भूतकाल में प्रारंभ एवं समाप्त हो चुके हों तथा इस प्रकार के Tense में दो वाक्यों का आना एक सामान्य बात है जिस से यह पता चलता है कि Past Perfect में जो वाक्य Translate किया जायेगा उसके बाद कोई कार्य हुआ है। यद्यपि कभी-कभी यह आभास होता है और कभी कभी ये वाक्य में शामिल होता है।

Eg:- हमने तुमसे पहले ही अपना कार्य समाप्त कर लिया था। Or
हमने पहले ही अपना कार्य समाप्त कर लिया था। Or

तुम्हारे करने से पहले ही हमने अपना कार्य समाप्त कर लिया था।

We had finished our work before you did.

Or

We had already finished our work.

Or

We had finished our work before you did.

## Past Perfect Continuous Tense

Rule :- S + had + been + $V_1$ (ing) + o/c + since/for + time.

→ इस Tense का प्रयोग ऐसे कार्य व्यापार के लिये किया जाता है जिससे यह ज्ञात हो कि भूतकाल में किसी एक समय बिन्दु से कई कार्य प्रारंभ हुआ और किसी एक समय बिन्दु तक वह कार्य जारी रहा। यद्यपि भूतकाल का प्रारंभिक बिन्दु प्रदर्शित नही होता है।

Eg:- वह मेरे साथ इस कंपनी मे 2010 से काम कर रहा था।

He had been working with me in this company since 2010.

Eg:- पुलिस वहाँ पर घण्टों से चोर को पकड़ने के लिये योजना बना रही थी।

The police had been planing to catch the thief there for hours.

# FUTURE TENSE

## Future Indefinite Tense

Rule:- S+ will/ shall + $V_1$ + O/C

Note:- वैसे तो एक Tense के रूप में Future Tense को आलोचकों (critics) के द्वारा स्वीकार तो नही किया जाता क्योंकि भविष्य के क्रिया कलापों / कार्य - व्यापारों का सिर्फ अंदाजा या आशा की जा सकती है न कि निश्चित रूप से कार्य के होने की कोई भी Guarantee नहीं ली जा सकती है। यद्यापि कुछ अवस्थाओं में Future Tense के Structure का प्रयोग करना गलत न होगा।

1. आदतन सम्पन्न होने वाले कार्य (Habitually / Naturally occurring actions).

Eg:- यह बच्चा एक बड़ा हो जाएगा।
This child will grow into adult.

2. संकल्प तथा इरादा या वायदा की अभिव्यक्ति के लिये:-

Eg:- मैं उसे जान से मार दूँगा।
I will kill him/her.

3. कल्पना / अनुमान को बताने के लिए :-

Eg:- वह 30 साल का होगा।
He will be 30 years old.

VIDYAKUL

## Future Continuous Tense

Rule :- S + will / shall + be + V4 + O/C

→ इस Tense का प्रयोग निम्नलिखित स्थितियों में किया जा सकता है।

1. भविष्य में सम्पन्न होने वाले अस्थाई कार्य के लिए।

Eg :- हम कल इस समय ताजमहल का नज़ारा ले रहे होंगे।

We shall be visiting (having a look) of the Taj Mahal.

2. भविष्य में अस्थाई कार्य को बताने के लिये भी अनुमान लगाया जा सकता है :-

Eg :- हमें तैयार हो जाना चाहिए, पापा दफ्तर से वापस आ रहे होंगे।

We should be ready, Papa will be coming from the office.

## Future Perfect Tense

Rule :- S + will / shall + have + V3 + O/C

1. कार्य-व्यापार जो भविष्य में किसी निश्चित समय पर पूरा होगा, की अभिव्यक्ति के लिये :-

Eg :- वह शाम मे अपने काम पूरा कर चुका होगा।

चुके होंगे।

He will have finished his work in the evening.

2. कल्पना / पूर्वानुमान की अभिव्यक्ति के लिए :

Eg: आपने कलाम का नाम तो सुना होगा।

You will have heard the name of Kalam.

## Future Perfect Continuous Tense

Rule:- S + will / shall + have been + V4 + O/C + since/ for + time.

1. भविष्य में कोई कार्य किसी एक समय पर प्रारंभ हुआ हो और एक समय अवधि तक चलता रहे तब :-

Eg:- बच्चे हमारी प्रतीक्षा सुबह से कर रहे होंगे।

The children will have been waiting for us since morning.

Note:- वैसे तो : I/we ⟶ shall का प्रयोग तथा others subject के ⟶ will का प्रयोग